Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

# Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

**Phone No.** +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

**E-mail:** fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

## प्रेस नोट

## आपसी द्वन्द में घायल बाघ का उपचार जारी

——0——

पन्ना टाइगर रिजर्व में लगभग एक सप्ताह पूर्व अन्य बाघ से द्वन्द होने के कारण नर बाघ टी–3 को मानीटरिंग पार्टी द्वारा घायल अवस्था में देखा गया। इस बाघ की नाक एवं आंख के बीच मुंह पर मुख्य घाव के निशान पाये गये हैं जिसका उपचार पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर के स्कूल आफ वाइल्ड लाइफ फोरेन्सिक एण्ड हेल्थ के वन्यप्राणी चिकित्सकों का मार्गदर्शन समय–समय पर लिया जा रहा है। बाघ की स्थिति सुधार की ओर है एवं जबलपुर के वन्यप्राणी चिकित्सकों को भी उपचार हेतु आमंत्रित किया गया है।

बाघ टी–3 पेंच टाइगर रिजर्व से दिनांक 09.11.2009 को पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना योजना के अन्तर्गत पहले नर बाघ के रूप में लाया गया था, उस समय बाघ की आयु लगभग 06 से 07 वर्ष आंकी गई थी। वर्तमान में बाघ की आयु लगभग 14 से 15 वर्ष है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 08.11.2017

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना